कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

//प्रेस विज्ञप्ति//

कन्या महाविद्यालय में "हुनर" कार्यक्रम के तत्वावधान में भारतीय पारंपरिक कलाओं की तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

दुर्ग–शासकीय डॉ.वा.वा.पटानकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में कौशल विकास इकाई के "हुनर " कार्यक्रम के तत्वावधान में विशिष्ट तीन भारतीय पारंपरिक कलाओं – तंजोर ,पिछवाई एवं लिप्पन आर्ट की तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

विषय विशेषज्ञ श्रीमती दिव्या हुड्डर के कुशल मार्गदर्शन में इन कलाओं की बारीकियाँ समझाई और सिखाई गई। प्राचार्य डॉ.डी.सी.अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति और मूल धरोहर की जानकारी देना अवशायक है ।

प्रभारी डॉ रेशमा लाकेश के अनुसार ये तीनों कलाएँ अत्यंत सुंदर होने के साथ मूल्यवान भी है । हमारे देश ही नहीं विदेशों में भी इन्हें सराहा जाता है और इनकी बहुत माँग है । छात्राएँ इसमें अपना रोजगार बना सकती है ।

डॉ.तोशीना तैलंग ने राजस्थान और गुजरात की लिप्पन कला की जानकारी दी। डॉ.पूजा सोनकर ने बताया कि तंजोर एक दक्षिण भारतीय प्राचीन कला है जिसका नाम इसके उत्पत्ति शहर से रखा गया है, डॉ अनामिका वस्त्रकार ने राजस्थान की पिछवाई कला का परिचय दिया। छात्राओं द्वारा निर्मित कलाकृतियाँ की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यशाला का सफल आयोजन सुश्री तबस्सुम अली द्वारा किया गया ।

डॉ.डी.सी.अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ.वा.वा.पटानकर कन्या स्नातकोत्तर
महाविद्यालय दुर्ग

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)

पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773

Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com

College Code : 1602

तीन दिवसीय कार्यशाला